न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 58/2025 बउनवानी राकेश कुमार बनाम अति0 जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी
पुत्र श्री हरिचरण अग्रवाल नि0 जज बंगला के पीछे नर्सिगं कॉलोनी गंगापुर सिटी

GCMS No-2025/ 162 **Appeal Number-321767538107293**

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज
29.7.2025	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 1.3.2025 को लोक सूचना अधिकारी एवं अति0जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर "*उपखण्ड अधिकारी गंगापुर सिटी द्वारा जगदीश सिंधी के सस्पेंशन बाबत लिखा गया पत्रांक 5477 दिनांक 12.7.2025 की प्रमाणित प्रति*" अति0जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1)के तहत ऑन लाईन पोर्टल पर प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रेषित की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धितं लोक सूचना अधिकारी एवं अति0जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु पोर्टल के माध्यम से ही आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं अति0जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी के पत्रांक/आरटीआई/ 2025/677–78 दिनांक 24.7.2025 से अवगत करवाया कि दिनांक 12.7.2025 को उपखण्ड़ अधिकारी गंगापुर सिटी द्वारा जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर को पत्र क्रमांक 5477 प्रेषित नही किया था बल्कि पत्र क्रमांक 5574 दिनांक 12.7.2025 प्रेषित किया गया था जिसकी प्रति अपीलान्ट भिजवायी जा चुकी है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुॅचते है,कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 1.3.2025 को प्रेषित प्रार्थना पत्र में चाही गयी सूचना (पत्र क्रमांक 5574 दिनांक 12.7.2025 की प्रति)अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है। ऐसी स्थिति मे अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर Signature Not Verified Digitally signed by Kana Ram Date: 2025.10.21 15:33:53 IST Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner